हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 बेलरगांव में संदिग्ध खाद भंडारण से हड़कंप, ...


14 आज का संरक्षण कल की समृद्धि


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं. 2

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# गौमांस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने किया निगम में प्रदर्शन

## आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के साल्हेवारपारा क्षेत्र में कथित गौमांस की बरामदगी के मामले को लेकर शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। युवाओं ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए महापौर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन को 24 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी करने का अल्टीमेटम भी दिया है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि गाड़ा बस्ती क्षेत्र में गौ हत्या एवं मांस बिक्री जैसी गतिविधियां सामने आने से लोगों में आक्रोश है। संबंधित व्यक्ति द्वारा प्रतिबंधित पशु मांस का विक्रय किया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में मांस जब्त किया गया है। संगठन ने इसे धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए दोषी पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।





हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में गौ संरक्षण को लेकर स्पष्ट कानून लागू है और ऐसे मामलों में सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की संपत्ति की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की भी मांग की। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर गिरफ्तारी ▸▸ शेष पेज 12 पर

### भरपूर समर्थन मूल्य के बाद भी बढ़ रही कालातीत ऋण की राशि

# आठ साल में दो हजार किसान हुए डिफाल्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेती के लिए ब्याजमुक्त ऋण और भरपूर समर्थन मूल्य मिलने के बाद भी किसान डिफाल्टर हो रहे हैं। कर्जमाफी के बाद से अब तक 1 हजार 943 किसान कर्ज नहीं पटा पाए हैं। इसमें से 600 से ज्यादा किसान तो ऐसे डिफाल्टर हैं, जो लंबे समय से ऋण पटाने में रूचि नहीं ले रहे हैं।

ब्याजमुक्त ऋण की योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। अल्पकालीन ऋण होने के कारण किसानों को छह माह में पूरा ऋण चुकता करना पड़ता है। इसके बाद वे फिर से ऋण ले सकते हैं। अधिकांश किसान ऋण चुकता कर देते हैं। परंतु कुछ किसान ऐसे हैं, जो ऋण चुकता नहीं कर पाते हैं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2018 में किसानों का कर्ज माफ किया था। इसके बाद से लेकर 1 हजार 943 किसान डिफाल्टर हो चुके हैं। ऋण नहीं पटाने के कारण पिछले रबी सीजन में इन किसानों की पात्रता खत्म कर दी गई थी। उन्हें ऋण नहीं दिया गया।



### रबी की वसूली जारी

रबी सीजन में भी किसानों को ब्याजमुक्त ऋण दिया गया था। जानकारी के अनुसार रबी सीजन में 15852 किसानों को 69 करोड़ 48 लाख 12 हजार रुपए का ऋण दिया गया था। अब तक 10582 किसानों ने 46 करोड़ 48 लाख 12 हजार रुपए का ऋण पटाया है। ऋण पटाने की अंतिम तिथि 30 जून है।

### 5 करोड़ की वसूली बाकी

पिछले खरीफ सीजन में जिला सहकारी बैंक से 69273 किसानों को 276 करोड़ 67 लाख 88 हजार रुपए का ऋण बकाया था। इसमें वे किसान भी शामिल हैं, जिन्होंने पहले से ही ऋण नहीं पटाया था। खरीफ के बाद 67330 किसानों ने 271 करोड़ 75 लाख रुपए 99 हजार रुपए का ऋण चुकाया है। 1943 किसान करीब 50 करोड़ रुपए दबाकर बैठे हैं। पिछले साल की खरीफ में 294 किसानों पर 62 लाख रुपए का बकाया है। इससे पहले से 377 किसानों पर 3 करोड़ 25 लाख रुपए का बकाया है। कुल 2285 किसानों पर 9 करोड़ 34 लाख रुपए का ऋण बाकी है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में किसानों ने लघु और दीर्घकालीन ऋण भी ले रखा है। इनमें से कई किसान डिफाल्टर की श्रेणी में है।

# ज्यादा रेट में बिक रही थी शराब आबकारी उपनिरीक्षक निलंबित

- ग्राहक बनकर पहुंची उड़नदस्ता टीम ने पकड़ी गड़बड़ी

**धमतरी।** कुरूद की एक शराब दुकान में अधिक रेट में शराब बेची जा रही थी। राज्य स्तरीय उड़नदस्ता के सदस्य ग्राहक बनकर पहुंचे और यह गड़बड़ी पकड़ी। इस मामले में शराब विक्रेताओं पर मामला दर्ज किया गया है। आबकारी उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मामला कुरूद स्थित कम्पोजिट देशी-विदेश मदिरा दुकान का है। राज्यस्तरीय उड़नदस्ता के सदस्य यहां पर सामान्य ग्राहक बनकर पहुंचे। यहां पर उन्होंने शराब अधिक रेट में बिक्री होना पाया। जांच में 18 पाव देशी मदिरा सवा शेरा प्लेन को 1500 रुपए में बेचा जाना पाया गया, जबकि इसकी वास्तविक कीमत 1440 रुपए है। इस मामले में विक्रेता कौशल कुमार सोनी और आत्माराम निर्मलकर पर अधिक रेट में शराब बेचने पर आबकारी अधिनियम की धारा 39 (ग) के तहत अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। यह शराब दुकान आबकारी उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम सिन्हा के प्रभार क्षेत्र में आती है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय उप आयुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर रहेगा। आबकारी आयुक्त निरूपमा लोन्हारे को कारण बताओ नोटिस जारी गया है।

## खबर संक्षेप

### देवपुर में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 23 से

**धमतरी।** श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति देवपुर द्वारा गायत्री जयंती पर नवनिर्मित गायत्री मंदिर में मां गायत्री का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं 23 से 25 जून तक 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। 23 जून को भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से 2 बजे प्रारंभ होकर मेला स्थल तक, फिर पावन प्रज्ञा पुराण कथा। 24 जून को ब्रह्म मुहूर्त में मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा, 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण एवं संध्या दीप महायज्ञ। अंतिम दिवस 25 जून गुरुवार को 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार एवं प्रज्ञा पुराण, समापन एवं ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। कार्यक्रम की तैयारी में श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति के अध्यक्ष बिसहतराम साहू, प्रमुख सदस्य पारसमणि साहू एवं पूर्णानंद साहू जुटे हैं।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध



**धमतरी।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। सहायक संचालक, मछली पालन विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा 3(2) के तहत लागू इस व्यवस्था के अनुसार धमतरी जिले के अधिकांश जल संसाधनों में इस अवधि के दौरान मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा।

### जहर सेवन से महिला की मौत

**धमतरी।** पति की मौत के बाद दुखी एक अधेड़ महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थानाक्षेत्र के ग्राम खड़मा निवासी झामिनबाई ध्रुव उम्र 43 वर्ष के पति अर्जुनसिंग ध्रुव की बीते वर्ष मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद महिला परिवार को लेकर चिंतित रहती थी। इसी चिंता में महिला ने गुरुवार की सुबह घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन महिला को उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उपचार के लिए धमतरी रिफर कर दिया। महिला को संजीवनी 108 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोष्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### लोसपा ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौंपा 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

# कृषि संकट से राहत दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने खाद-बीज, डीजल एवं सिंचाई किल्लत से उत्पन्न कृषि संकट से राहत एवं आवश्यक व्यवस्था के लिए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को लोसपा के जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद नेताम के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि खरीफ फसल की खेती सिर पर है। किसान खाद बीज, सिंचाई, बिजली की कमी और डीजल मूल्य वृद्धि जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिन किसानों को जरुरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है, वह अनाप-शनाप दाम पर खाद बीज, डीजल तथा पानी खरीदने को मजबूर हैं। राहत उपायों की कमी से खेती की लागत अत्याधिक बढ़ गई है। इससे कृषि तथा किसान दोनों संकटग्रस्त हैं। डीजल के दाम बढ़ने से ट्रैक्टर, पंप, थ्रेसर, परिवहन एवं कृषि यंत्रों का खर्च बढ़ रहा है, वहीं डीजल उपलब्ध नहीं होने से ट्रेक्टरों के पहिए थम गए हैं। जुताई, बुवाई जैसे बुनियादी काम नहीं हो पा रहे है। डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता नहीं होने से किसान हलाकान हैं। खाद वितरण में धांधली, जमाखोरी, कालाबाजारी की शिकायत मिल रही है। जलस्तर गिरने तथा नहर, तालाब से सिंचाई पानी नहीं मिलने तथा विद्युत आपूर्ति की अव्यवस्था के कारण सिंचाई संकट गहरा गया है। इससे खरीफ तथा रबी दो फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



लोसपा ने 12 सूत्रीय मांग में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई, कृषि उपयोग के लिए डीजल पर विशेष राहत अनुदान, सिंचाई के लिए नहर से नियमित पानी छोड़ने, ग्रामीण क्षेत्र में ▸▸ शेष पेज 12 पर

# गांजा तस्कर के फरारी मामले में चार पुलिसकर्मियों पर गिरी निलंबन की गाज

- सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर एसपी का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चिकित्सकीय परीक्षण के लिए लाए गए गांजा तस्कर के नगरी अस्पताल से फरार हो जाने के मामले में एसपी ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक एएसआई व तीन आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

सिहावा पुलिस द्वारा धारा 20-बी एनडीपीएस एक्ट-गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को 11 जून को चिकित्सकीय परीक्षण-डाक्टरी मुलाहिजा के लिए सिहावा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी ले जाया जा रहा था। इस दौरान सिहावा थाना में पदस्थ एएसआई सोनचंद डहरिया, आरक्षक अजय नेताम, डीएसएफ आरक्षक हिमेश नेताम एवं महिला आरक्षक डिगेश्वरी साहू आरोपियों को सुरक्षा अभिरक्षा में लेकर सीएचसी नगरी पहुंचे थ। जहां चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान पलाश गजभिए उम्र 32 वर्ष कचुरवाही थाना आरोली जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ धारा 362 बीएनएस के तहत एक और अपराध दर्ज कर सभी तरफ नाकेबंदी कर तलाश शुरू कर दी। लगभग 7 घंटे के बाद पुलिस की टीम ने फरार आरोपी पलाश गजभिए को नगरी के चुरियारापारा से गिरफ्तार किया।



### सुरक्षा व निगरानी में घोर लापरवाही

प्रकरण की जानकारी प्राप्त होते ही एसपी सूरजसिंह परिहार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रथमदृष्टया संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आरोपी की सुरक्षा व निगरानी में घोर लापरवाही बरतना तथा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन नहीं करना पाया गया।

### जीवन निर्वाह भत्ता एवं अन्य देय भत्ते प्राप्त होंगे

आरोपी के अभिरक्षा से फरार होने में तैनात पुलिसकर्मियों की कर्तव्य के प्रति गंभीर उदासीनता एवं लापरवाही को देखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा एएसआई सोनचंद डहरिया, आरक्षक अजय नेताम, डीएसएफ आरक्षक हितेश नेताम व महिला आरक्षक डिगेश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में सभी अधिकारी-कर्मचारियों का मुख्यालय रक्षित आरक्षक केन्द्र धमतरी होगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता एवं अन्य देय भत्ते प्राप्त होते रहेंगे।

# आक्सीजोन को लीज में देने का विरोध

- खैरा की ग्रामीण विकास समिति ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खैरा के आक्सीजोन को 19 वर्षों के लीज में देने का विरोध ग्रामीणों ने किया है। कुरुद तहसील के ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्राम खैरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि ग्राम खैरा की घास जमीन पर मिश्रित पौधरोपण आक्सीजोन को ग्राम पंचायत ने 19 वर्षों के लिए लीज में दिया है जो नियम विरूद्ध है। आक्सीजोन में अरहर, तिल एवं सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है जो अनुबंध के विरूद्ध है। 19 जून 2025 को ग्राम विकास समिति ने ग्रामीण बैठक में आक्सीजोन का लीज निरस्त कराने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। इसकी शिकायत एक साल पहले कलेक्टर से की गई है, ▸▸ शेष पेज 12 पर



### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** जिले में सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण एवं मैदानी स्तर पर सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सीएम हेल्पलाइन के नोडल अधिकारी होंगे। वहीं डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# किराना दुकान की आड़ में शराब की बिक्री, युवक गिरफ्तार



- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से शराब का स्टॉक रख उसकी बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जिले में अवैध शराब बनाने, संग्रहण और परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से बठेनापारा जेल रोड में स्थित एक किराना दुकान में अवैध रूप से शराब का स्टॉक रख उसकी बिक्री किए जाने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर किराना दुकान की तलाशी ली। इस दौरान रामखिलावन सिन्हा उम्र 42 वर्ष बठेनापारा जेल रोड धमतरी निवासी के कब्जे से कुल 128 पौवा अवैध देशी शराब बरामद की गई जिसमें देशी मसाला व प्लेन शराब भी शामिल है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत एवं बिक्री रकम सहित 11540 रुपए है। आरोपी द्वारा शराब रखने व बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया अर्थात सबूत पाए जाने पर पुलिस ने सिटी कोतवाली में धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी रामखिलावन सिन्हा को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### शहर में तेजी से बढ़ रही ई-वाहनों की मांग

# पेट्रोल-डीजल महंगा होने से बढ़ा इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमत के साथ किल्लत का असर अब आम लोगों की जीवनशैली और परिवहन व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। धमतरी शहर में बीते कुछ वर्षों के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ी है। पहले जहां लोग पेट्रोल बाइक और स्कूटर को ही सुविधाजनक मानते थे, वहीं अब युवा, नौकरीपेशा लोग, महिलाएं और छोटे व्यवसायी बड़ी संख्या में ई-स्कूटर और ई-रिक्शा खरीदने लगे हैं। कम खर्च, आसान संचालन और कम मेंटेनेंस के कारण इलेक्ट्रिक वाहन लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं।





रामबाग स्थित मोहन ई बाइक के रिटेलर और शहर के राहुल ई ऑटोमोबाइल कारोबारी का कहना है कि पेट्रोल के बढ़ते खर्च ने लोगों को वैकल्पिक साधनों की ओर सोचने के लिए मजबूर किया है। रोज लंबी दूरी तय करने वाले लोग अब इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक किफायती मान रहे हैं। कई परिवार अपने दूसरे वाहन के रूप में ई-स्कूटर खरीद रहे हैं ताकि घरेलू खर्च में बचत हो सके।

### चार्जिंग सुविधा की कमी बनी बड़ी चुनौती

शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ने के बावजूद अब तक व्यवस्थित सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन विकसित नहीं हो पाए हैं। अधिकांश लोग अपने घरों में ही वाहन चार्ज कर रहे हैं। ऐसे में लंबी दूरी तय करने वाले उपभोक्ताओं को बैटरी खत्म होने की चिंता बनी रहती है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, पेट्रोल पंप और सरकारी कार्यालयों के आसपास चार्जिंग प्वाइंट की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

वाहन उपयोगकर्ताओं का कहना है कि यदि शहर में पर्याप्त चार्जिंग सुविधा उपलब्ध हो जाए तो इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग कई गुना बढ़ सकता है। वर्तमान में लोग सीमित दूरी तक ही ई-वाहनों का उपयोग करने में सहज महसूस कर रहे हैं। चार्जिंग व्यवस्था बेहतर होने से बाहरी क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी।

### रोजगार और पर्यावरण के लिए बन रहे बेहतर विकल्प

ई-रिक्शा विक्रेता विवेक व्हीकल शो रूम के संचालक के अनुसार शहर में सबसे अधिक मांग ई-रिक्शा की बढ़ी है। प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ई-रिक्शा की बिक्री हो रही है। उनका कहना है कि कम खर्च और लगभग नगण्य मेंटेनेंस के कारण यह रोजगार का बेहतर साधन बन गया है। चालक बिना पेट्रोल-डीजल की चिंता के केवल चार्जिंग कर आसानी से वाहन चला रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए प्रशासन और नगर निगम को चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, लोगों में जागरूकता बढ़ाने और ई-वाहन खरीद पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल करनी होगी। आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

# मनरेगा से बदली तस्वीर, नाला गहरीकरण एवं सफाई से बढ़ी जल संग्रहण क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के मगरलोड विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरौद में मनरेगा के तहत स्वीकृत स्टॉप डैम पचरी निर्माण से बलराम खेत तक नाला गहरीकरण एवं सफाई कार्य ने जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में नई मिसाल कायम की है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद ग्राम अरौद वर्षों से जल संरक्षण की समस्या से जूझ रहा था। नाले में गाद जमाव और कम गहराई के कारण बरसाती पानी का अधिकांश हिस्सा व्यर्थ बह जाता था, जिससे किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को जल संकट का सामना करना पड़ता था।

5.65 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इस कार्य के तहत 300 मीटर लंबाई में नाले का गहरीकरण एवं सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान 292 श्रमिकों को रोजगार मिला, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिली। लगभग 1000 मीटर लंबे इस नाले की जलधारण क्षमता बढ़ने से वर्षा जल का बेहतर संचयन संभव हुआ है तथा भू-जल स्तर में सुधार की संभावना बढ़ी है।

ग्राम पंचायत सरपंच फेखन लाल साहू ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े ऐसे कार्य निरंतर होते रहे तो भविष्य में जल संकट की समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है। ग्राम अरौद में किया गया यह कार्य सामुदायिक सहभागिता, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण विकास का सफल उदाहरण बनकर उभरा है।

## जल संरक्षण से समृद्धि की ओर ग्राम अरौद



### सिंचाई, पशुपालन और मत्स्य पालन को मिलेगा बढ़ावा

नाला गहरीकरण एवं सफाई कार्य से लगभग 37 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे 23 किसानों को प्रत्यक्ष फायदा होगा। किसान हुलास साहू, पुरूषोत्तम साहू और कल्याण ने बताया कि पहले बरसात खत्म होते ही नाले का जल स्तर तेजी से घट जाता था, लेकिन अब अधिक समय तक पानी संरक्षित रहेगा और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। इससे धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन और सब्जी फसलों के उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर 14 को

**धमतरी।** रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी व इंडियान रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा रविवार को जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजन किया गया। रेडक्रास सोसायटी ने लोगों से रक्तदान करने व अपने परिवारजनों तथा साथियों को प्रेरित करने की अपील की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गौमांस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने किया ...

नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कानून के दायरे में रहकर उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, अभिषेक, मोनू साहू, प्रिंस जैन सहित बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कृषि संकट से राहत दिलाने की मांग

बिजली आपूर्ति, सूखते तालाबों में पानी भरने, हैंडपंपों का मरम्मत, गहरीकरण, किसानों को राहत पैकेज, फसल नुकसान का सर्वेकर मुआवजा, सहकारी समिति में खाद वितरण में पारदर्शिता, छोटे सीमांत किसानों को ब्याजमुक्त ऋण, खाद बीज पर निर्भरता को कम करने जिलास्तर पर खाद बीज का उत्पादन की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोसपा के दशरुराम नेताम, जयसिंग कुंजाम, अजय मरकाम, शिवप्रसाद मंडावी, परऊराम यादव, दसरु नेताम, छबिलाल मरकाम, देवसिंग नेताम आदि मौजूद थे।

### आक्सीजोन को लीज में देने का विरोध

लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में ग्राम विकास समिति ने कलेक्टर से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चेतनलाल साहू, कामताराम, हिरामन, छबिलाल, इंद्रमन, नरोत्तम साहू, सतीश कुमार, नाथूराम, ठाकुरराम उपस्थित थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

// सूचना पत्र //

प्रति,
1. विजय देवांगन पि. जगतराम देवांगन
2 भोजराम पि. फूलचंद
3. प्रकाश, प्रहलाद पि. नारायण दास वाशानी
4. हिरजूराम पि. फूलचंद
5. कीर्तिकुमार पि. रतीराम
6. सुशीला देवी पति मनोहर लाल मोटवानी
7. कन्हैयालाल पि. श्यामलाल डड़सेना
8. जमुनादेवी पति पी.आर. ध्रुव
9. ओंकार लाल पटेल पि. आशाराम पटेल

विषय :- नक्शा बटांकन की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम अर्जुनी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं.-आमदी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 212/5 रकबा 0.01 हे. का आवेदक विजय देवांगन पिता जगतराम देवांगन निवासी हटकेशर के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 15/04/2024 के अनुसार नक्शा बटांकन दिनांक 16/06/2026 को दिन मंगलवार समय 3.30 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण नक्शा बटांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
आमदी

कई खेतों में पैरा जलकर राख हो गए

# खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे किसान

## समझाइश बेअसर, कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी







नगरी अंचल में किसानों द्वारा खेतों में पराली (पैरा) जलाने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रशासन और कृषि विभाग की समझाइश के बावजूद कई किसान खुलेआम खेतों में फसल अवशेषों में आग लगा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उठ रहा धुआं और आग की लपटें पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन रही हैं। कानूनी प्रतिबंध और दंडात्मक प्रावधान होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से पराली जलाने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र के सेमरा, बेलर, बिरगुड़ी, भूमका, भुरसीडोंगरी, नवागांव, सांकरा, फरसियां और सिहावा सहित कई गांवों में खेतों तथा सड़क किनारे पराली जलने की घटनाएं देखी गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर पैरा जलकर राख हो गया, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। आग की तीव्र गर्मी से भूमि की ऊपरी सतह में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव और मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, जिससे जमीन की उत्पादक क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। धुएं में मौजूद सूक्ष्म कण वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं, जिसका सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है।

कृषि विभाग किसानों से पराली को जलाने के बजाय वेस्ट डीकंपोजर के माध्यम से खाद बनाने तथा अन्य वैकल्पिक उपयोग अपनाने की अपील कर रहा है, लेकिन इसका अपेक्षित असर दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने नियमित सैटेलाइट एवं जमीनी निगरानी, दोषियों पर तत्काल जुर्माना तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग की है।

तहसीलदार चुम्मन लाल ने बताया कि शिकायतों के आधार पर भीतररास, बिलभदर, डोंगरडुला और सोनामगर क्षेत्र में प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा रात्रिकालीन निरीक्षण कर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# 124 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 28 पॉजिटिव मिले



- सिविल अस्पताल में सिकलसेल व टाइप-1 डायबिटीज स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में सिविल अस्पताल नगरी में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए सिकलसेल रोग (एससीडी) एवं टाइप-1 डायबिटीज की स्क्रीनिंग हेतु विशेष स्वास्थ्य एवं समाज शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में इन गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और कुल 124 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जांच के दौरान 28 बच्चे पॉजिटिव पाए गए, जो सभी नए मामले हैं। इनमें 13 बच्चे एसएस तथा 15 बच्चे एएस श्रेणी में चिन्हित किए गए। पॉजिटिव पाए गए सभी बच्चों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श, मार्गदर्शन एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफ के प्रतिनिधि डॉ. प्रीतम रॉय ने स्क्रीनिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य टीम को आवश्यक सुझाव दिए।

शिविर का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.एन. सोम एवं खंड कार्यक्रम प्रबंधक हितेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की सफलता में चिरायु टीम के सभी सदस्यों, स्थानीय नगर पंचायत नगरी की मितानिनों, जन-प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान रहा।

# संतोष को खुमान संगीत सम्मान मिला





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रख्यात भजन एवं लोकगायक, रामसिया मानस मंडली तथा राघव म्यूजिकल ग्रुप कोटगांव के संचालक संतोष साहू को 9 जून को लोकसंगीत के पुरोधा खुमान साव की पुण्यतिथि पर आयोजित सुरता खुमान कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने खुमान साव संगीत सम्मान से सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की अनुशंसा एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के आशीर्वाद से संतोष साहू को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया। श्री साहू ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बारिश से पहले मंडराया महामारी का खतरा

- कोड़ेबोड़ में राइस मिल के प्रदूषित पानी पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



राइस मिल से निकलने वाले बदबूदार पानी से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। गंदे पानी से ग्रामीण सहित राहगीर परेशान हैं। बदबूदार व गंदे पानी से बीमारियां पनप रही हैं।

ग्रामीण जूदेवसिंह कुर्रे ने बताया कि राइस मिल से निकलने वाले गंदे पानी को बाहर से लाकर कोड़ेबोड़ में गड्ढा खोदकर एकत्रित किया जा रहा है। इसकी दुर्गंध से कोड़ेबोड़ बस्ती वाले एवं राहगीर परेशान हो रहे हैं। अभी बरसात का मौसम आने वाला है। स्कूल, कॉलेज खुलने वाले हैं। इसका असर विद्यार्थियों एवं गांव के छोटे छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। राइस मिलर द्वारा प्रदूषित पानी को इकट्ठा कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विषैले पानी को कोड़ेबोड़ में न डालने की मांग जिला कलेक्टर से की है।

# चालीहा महापर्व में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





**धमतरी।** प्रेम प्रकाश मण्डल द्वारा आयोजित आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के तहत चल रहे चालीहा महापर्व का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने चालीसा पाठ व सत्संग का लाभ लिया। दूसरे दिन के आयोजन का सौभाग्य वाधवानी परिवार के कमलकुमार एवं अनिलकुमार वाधवानी को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम के संत लोकेश ने कहा कि सच्चा धन राम नाम का है। उन्होंने कहा कि सांसारिक संपत्ति नश्वर है, जबकि प्रभु भक्ति और नाम स्मरण से मिलने वाली शांति अमूल्य और स्थायी होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिकता अपनाने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से चालीसा पाठ, भजन एवं सत्संग में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

# पीएम मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धि पर कोर्रा में विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया रिकॉर्ड स्थापित करने पर कुरूद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम कोर्रा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, यज्ञ अनुष्ठान एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भगवान महादेव का विधिवत पूजन कर देश की समृद्धि, विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित जगदीश्वर प्रसाद शर्मा द्वारा विशेष पूजा एवं भव्य महाआरती संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति, सुशासन और विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भीमदेव साहू, चोवा राम साहू, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, देवसिंह साहू, गुलाब साहू, रोशन साहू, केशव साहू, डॉ. अरुण साहू, युवराज साहू, कोमल साहू, ईश्वर साहू, जीतू साहू, मनहरण नेताम, मोहन सेन, गिरधर साहू, लक्ष्मीकांत साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षा, रोजगार और नशामुक्ति पर दिया जोर

- कुम्हारी (भखारा) में हुआ सतनामी समाज का युवा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम कुम्हारी (भखारा) में सतनामी समाज के युवाओं को संगठित करने एवं उन्हें शिक्षा, रोजगार तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला सतनामी समाज के कोमल संभाकर के आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं के साथ खुला संवाद स्थापित करते हुए सामाजिक, शैक्षणिक और रोजगार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और उसके सकारात्मक मार्गदर्शन से समाज को नई दिशा मिल सकती है। युवाओं को शिक्षा से जुड़ने, स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त करने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में युवाओं ने भी अपने विचार साझा किए और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

मौके पर आदित्य बघेल, राहुल टंडन, मयंक कोसरे, मोनू टंडन, डोमन सोनवनी, भूपेश बघेल, दिलेश्वर बघेल, खिलेश्वर, निखिल, ईश्वर बघेल, कामता चंदेल, विक्रम सोनवानी, डिकेश घृतलहरे, धन्नू बघेल, जगदेव लहरे सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### युवा समाज की रीढ़ : कोमल संभाकर

कोमल संभाकर ने कहा कि समाज के युवाओं को जागरूक और संगठित करने के लिए युवा संवाद अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। युवा समाज की रीढ़ है। यदि युवा शिक्षित, जागरूक और संगठित होंगे तो समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

## जिले में खुलेआम हो रही है शराब की अवैध बिक्री

# ग्राहकों से पहले कोचियों और ढाबों तक पहुंच रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जिले में देशी शराब के स्टॉक को लेकर बनी किल्लत के बीच शराब दुकानों की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ग्राहकों का आरोप है कि शराब दुकानों में स्टॉक पहुंचते ही सबसे पहले कोचियों और ढाबा संचालकों को सूचना देकर बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध करा दी जाती है, जबकि सामान्य ग्राहकों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी शराब नहीं मिल पा रही है।

धमतरी शहर सहित आसपास की कई शराब दुकानों में इन दिनों देशी प्लेन और मसाला शराब की कमी बनी हुई है। किसी दुकान में शराब आने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच जाते हैं, लेकिन कुछ ही देर में स्टॉक खत्म हो जाता है। इससे कई बार शराब दुकानों के बाहर विवाद और हंगामे जैसी स्थिति बन रही है।

मदिरा प्रेमियों का कहना है कि शराब दुकान के कर्मचारी पहले ढाबा संचालकों और अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों को फोन कर स्टॉक आने की जानकारी दे देते हैं। इसके बाद बड़ी मात्रा में शराब उन्हें दे दी जाती है। आरोप है कि इस प्रक्रिया में कर्मचारियों की अतिरिक्त कमाई भी होती है, जबकि आम ग्राहकों को परेशान होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जिले में अवैध शराब बिक्री खुलेआम हो रही है, लेकिन विभाग प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय छोटी-मोटी कार्रवाई कर खानापूर्ति में लगा हुआ है। अवैध शराब के कई मामलों में पुलिस विभाग कार्रवाई कर रहा है। लोगों ने प्रशासन से शराब वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग भूपाली को मिली व्हीलचेयर, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में 95 प्रतिशत दिव्यांगता से ग्रसित 15 वर्षीय भूपाली को विभाग द्वारा व्हीलचेयर प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार भूपाली जन्म से चलने-फिरने में असमर्थ है तथा उनकी लंबाई अपेक्षाकृत कम होने के कारण दैनिक कार्यों में भी उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनकी आवश्यकता को देखते हुए विभाग व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और साथ ही उनका यूडीआईडी पंजीयन कराया गया तथा पात्रता अनुसार दिव्यांग पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। इसी प्रकार 80 वर्षीय गयाबाई ताम्रकार जिन्हें सुनने में परेशानी हो रही थी, उन्हें तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने से उन्हें संवाद स्थापित करने एवं दैनिक गतिविधियों में काफी सहायता मिलेगी।

### विवेचना के बाद आरोपी पर मामला किया दर्ज

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम चांवडी निवासी 74 वर्षीय पनकू राम मंडावी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि 22 नवंबर 2025 को वह साइकिल से खेत जा रहे थे, तभी नदियापारा चांवडी नाला के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल पनकू राम को उपचार के लिए चारामा और बाद में धमतरी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मानसून से पहले गांवों में खपरैल छाने लगे ग्रामीण



**दुर्गुकोंदल।** मानसून की दस्तक से पहले ग्रामीण इलाकों में खपरैल छाने और पुराने मकानों की मरम्मत का काम तेज हो गया है। सालभर आंधी-तूफान और तेज हवाओं से टूटी-फूटी खपरैलों को बदला जा रहा है, ताकि बरसात में घरों की छत न टपके। गांवों में सुबह से लेकर शाम तक खपरैल मिस्त्री और मजदूर छतों पर जुटे हैं। पुरानी खपरैल उतारकर नई लगाई जा रही है, टूटी कड़ियां बदली जा रही हैं। लोगों की कोशिश है कि पहली बारिश से पहले घर पक्के हो जाएं, वरना बरसात में बूंद टपकने से घर का सारा सामान खराब हो जाता है।

**टपकती छतों की हो रही मरम्मत**

एक समय था जब खपरैल वाले मकान शहर और गांव दोनों की पहचान थे, लेकिन बदलते समय और सीमेंट-कंक्रीट, लेंटर की आधुनिक तकनीक ने शहरों से इन मकानों को लगभग खत्म कर दिया। अब खपरैल वाले घर मुख्य रूप से गांवों में ही दिखते हैं। ग्रामीण इलाकों में भी अब नए मकान ज्यादातर मकान सीमेंट-कंक्रीट और लेंटर वाले बन रहे हैं। फिर भी कई परिवार अपने पूर्वजों की विरासत और पारंपरिक जीवनशैली को बचाए रखने के लिए खपरैल वाले घरों में रहना पसंद कर रहे हैं।

# तेज बारिश से सोंढूर और बाघ नदी उफान पर, रिसगांव क्षेत्र से संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी वनांचल क्षेत्र में लगातार तेज बारिश ने एक बार फिर दूरस्थ ग्रामीण अंचल की समस्याओं को उजागर कर दिया है। शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश के बाद सोंढूर और बाघ नदी उफान पर आ गईं, जिससे उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव क्षेत्र सहित कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय नगरी और जिला मुख्यालय धमतरी से पूरी तरह टूट गया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह तीन से चार घंटे तक लगातार हुई झमाझम बारिश से दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। नदी में करीब चार फीट तक बाढ़ आने के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों, इलाज, बाजार तथा शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश का मौसम शुरू होते ही हर वर्ष यही स्थिति निर्मित हो जाती है। पुल के अभाव में बाढ़ के दौरान कई गांव अलग-थलग पड़ जाते हैं। मजबूरी में ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करते हुए गरियाबंद जिले के देवभोग और झरियाबाहरा मार्ग से होकर आना-जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक व्यय दोनों बढ़ जाते हैं।

## हर बारिश में वनांचल के ग्रामीणों की बढ़ती है परेशानी

### पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब भी अधूरी

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से सोंढूर और बाघ नदी पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से सुशासन तिहार सहित विभिन्न प्रशासनिक शिविरों और जनसुनवाई कार्यक्रमों में लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। संबंधित विभागों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, जबकि समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया है।



### अब तक नहीं हुई कार्रवाई

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व अभ्यारण संघर्ष समिति के नेतृत्व में कई गांवों के ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर सांकरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग के कुछ अधिकारियों के रवैये से नाराज ग्रामीणों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर बीच में ही वापस लौटने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने संबंधित रेंजर को हटाने की मांग भी उठाई थी। मुख्यमंत्री, सांसद, विभागीय अधिकारी को मूलभूत समस्या के लिए आवेदन देकर थक चुके हैं लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

## बिना बैच नंबर और एमआरपी वाली खाद बोरियां मिलीं

# बेलरगांव में संदिग्ध खाद भंडारण से हड़कंप जैविक खाद की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

### कृषि विभाग ने उच्च अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट





खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसानों के लिए उर्वरकों की मांग बढ़ गई है। इसी बीच बेलरगांव अंचल में पवार ट्रेडर्स एवं कृषि केंद्र व्यापारियों द्वारा बड़ी मात्रा में खाद का भंडारण किए जाने का मामला सामने आया है। जैविक खाद की कई बोरियों पर बैच नंबर एवं अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं होने से संदेह की स्थिति है।

खाद को देखने से आशंका जताई है कि यदि बिना जांच के ऐसे उर्वरकों का वितरण किसानों को कर दिया गया और खाद की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं निकली, तो किसानों की मेहनत और फसल दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा किसानों को उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अन्य अनियमितताओं पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन धमतरी द्वारा नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है।

उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री, अन्य वस्तुओं की टैगिंग तथा गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश हैं।

इसके बावजूद बेलरगांव क्षेत्र में खाद की कुछ बोरियों पर बैच नंबर और समर्थन मूल्य अंकित नहीं पाए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं कुछ बोरियों में यह जानकारी हाथ से पेन द्वारा लिखी हुई दिखाई देने की भी चर्चा है, जिससे खाद की प्रामाणिकता को लेकर संदेह और गहरा गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कृषि कार्य पूरी तरह उर्वरकों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। किसान अपनी मेहनत की कमाई से खाद खरीदकर खेतों में उपयोग करते हैं। यदि खाद मानक के अनुरूप नहीं हुई या उसका अपेक्षित परिणाम नहीं मिला, तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में संबंधित खाद के भंडारण, गुणवत्ता एवं वैधता की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

इस संबंध में कृषि विस्तार अधिकारी नगरी लाकेश साहू ने बताया कि जानकारी मिलने पर पवार ट्रेडर्स एवं कृषि केंद्र बेलरगांव में उसके खाद गोदाम में ट्रक से खाद डम्प किया हुआ मिला।

मौके पर देखने से जैविक खाद की बोरी पर बैच नंबर एव समर्थन मूल्य अंकित नहीं है। इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है तथा उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 55 खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन का लिया प्रशिक्षण



- सम्बलपुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 9 मई से 8 जून तक किया गया था। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर धमतरी को भी खेल प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया था। इस केंद्र में मार्शल आर्ट ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों का भी प्रशिक्षण संस्था के खेल शिक्षक ओंकारलाल पटेल एवं रायपुर से आमंत्रित एनआई एस कोच संतोष निर्मलकर द्वारा दिया गया। कोच द्वारा मार्शल आर्ट ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन खेलों की बारीकियों से खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। संस्था की व्याख्याता हरमीत कौर खालसा व प्रमोद शार्दुल ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने कहा कि जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर सभी बच्चों को विभाग द्वारा सर्टिफिकेट तथा 10 खिलाड़ियों को टीशर्ट प्रदान की गई। शिविर में टिकेंद्र पटेल, निहाल सिन्हा, कुशल चक्रधारी, दक्षराज पटेल, आकांक्षा, अंशिका, देवांशी पटेल, निवेदिता, भोजराज पटेल, हर्षित बया, रुद्र रामटेके, गुलशन साहू, खिलेंद्र साहू सहित 55 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों के खेल कौशल, विकास हेतु इस संस्था को 60,000 रुपये की खेल सामग्री प्रदान की गई है। समापन अवसर पर विक्रम कुर्रे, योगेश कुमार वर्मा, ममता यादव, कुमारी सहारे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मोदी के 12 साल पूरे होने पर अछोटा में उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास यात्रा के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम अछोटा के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया।

इस अवसर पर स्थानीय भाजपाइयों ने ग्राम के प्राचीन धारेश्वर महादेव मंदिर में एकत्रित होकर विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने धारेश्वर नाथ बाबा के समक्ष विधि-विधान से प्रार्थना की और प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु होने की कामना की। हवन पूजन जैसे ही सम्पन्न हुआ तो वातावरण भक्ति से भर गया एवं इंद्र देव ने भी धारेश्वर महादेव में ग्राम की प्रथम वर्षा कर जल चढ़ाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के नेतृत्व में देश में आए अभूतपूर्व विकास और जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा की और संकल्प लिया कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पूजा अर्चना हवन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोमल सार्वा पार्षद ब्राह्मणपारा, राष्ट्रीय मछुवारा संघ विधानसभा अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सरपंच संतोषी गैंदलाल ढीमर, जनपद पंचायत सदस्य कैलाश देवांगन, तिहारु देवांगन, खिलेश राम सेन, गैंदलाल ढीमर, जितेंद्र देवांगन, राम ध्रुव, महेश ध्रुव, धनुष साहू, गोवर्धन यादव, राम चरण ध्रुव, महेश यादव, राजेश यादव, प्रीत यादव, छोटेलाल, बीरेन्द्र यादव, योगेश देवांगन, रमन ढीमर, कृपा ध्रुव, शत्रुघन, रज्जू, धनेश, मुरारी, हीरू,पुनीत ढीमर, लोमश निषाद, झूमक उइके, रमा ढीमर, चेतना देवांगन, करुणा महार,सोन कुंवर, रेखा ढीमर, गोमती ढीमर, महाबती निषाद, भुनेश्वरी, सुमित्रा, रमौतीन, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम कुर्रा में विशेष पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रावां मंडल अंतर्गत ग्राम कुर्रा में विशेष हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश शर्मा ने किया। 10 जून 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्षों की अविरल जनसेवा एवं सुशासन के 4399 दिवस पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर सफलता की कामना की। ग्राम कुर्रा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित महायज्ञ में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा देश की सुख-समृद्धि और उन्नति के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं, पिछले 12 वर्षों में देश ने अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है और आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त एवं आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर रावां मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री श्रीमती दमयंती साहू, प्रभूराम साहू (बूथ अध्यक्ष), रिखम राव, टेकराम, सुकलाल साहू, सहदेव राम, केशव निर्मलकर, अमर सिंह, ओमप्रकाश साहू, हिना साहू, पायल साहू, केशव साहू, आशा राम साहू, जयराम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा अजजा मोर्चा की बैठक में कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- संगठन सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक धमतरी स्थित गोविंद सारंग भवन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि बोर्ड के अध्यक्ष तथा भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विकास मरकाम रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने तथा उन्हें लाभान्वित कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर जगत, प्रदेश उपाध्यक्ष बैदूराम कश्यप, प्रदेश मंत्री आशु पड़ोटी, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, जंप सभापति प्रेमलता नागवंशी, ईश्वरी नेताम, महेश गोटा, अंगिरा ध्रुव, हीरामन ध्रुव, चित्रांश नागवंशी, जिला महामंत्री श्यामा मंडावी, रामखिलावन कंवर, कमलनारायण ध्रुव, वरुण देव नेताम, विमल ध्रुव, अक्तूराम ध्रुव, भोज सोनवानी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, जिला महामंत्री श्यामा मंडावी, रामखिलावन कंवर एवं समस्त पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### महापौर ने बच्चों को वितरित किया पोषण आहार

**धमतरी।** सुशासन तिहार के अंतिम दिवस बनियापारा एवं मोटर स्टैंड वार्ड में आयोजित समाधान शिविर में महापौर रामू रोहरा ने पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगों की जानकारी ली। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए महापौर ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आम जनता तक सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। इस दौरान शिविर में बच्चों को पोषण आहार का वितरण किया गया। महापौर श्री रोहरा ने बच्चों को पौष्टिक आहार ग्रहण करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास समाज एवं राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य पिंटू यादव, पार्षद राकेश चंदवानी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जोरातराई अ में पिपराही तालाब गहरीकरण का शुभारंभ

**अंवरी।** क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से ग्राम जोरातराई अ में पिपराही तालाब का गहरीकरण 09 लाख, व नहर नाली न. 09 के जोरातराई माइनर 3 किलोमीटर नहर सिंचाई का गहरीकरण एवं सफाई कार्य 11 लाख रूपए रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत स्वीकृत हुआ हैं । जिसका भूमि पूजन विगत दिनों किया गया। इस अवसर पर आनंद यदु जनपद सभापति, पूर्णिमा साहू सरपंच व पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी कोलियारी, ईश्वर निषाद उप सरपंच, बंसीलाल साहू, सुदामा राम साहू, धनसाय साहू, गणपत निषाद, पंचम पाल, सुखसागर निषाद, अशोक पाल,प्रकाश निषाद, जालम साहू, रामजी तारक, देवनारायण साहू पंच, राकेश पाल पंच, बालमुकुंद साहू पंच, प्यारे तारक पंच, लव निषाद पंच, श्रीमती विद्या साहू पंच, बिंदु निर्मल पंच, रंजना साहू पंच, पंचवती निषाद पंच, भिनेश्वरी निषाद पंच, हरी पाल, पीतांबर निषाद, टेकराम निर्मलकर, हरिश्चंद्र तारक, खेदुरम पाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुरुज सम्मान से नवाजे गए स्थानीय कलाकार



**केशकाल।** प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे की जयंती के अवसर पर 12 जून को केशकाल के इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में सुरुज उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य कर बस्तर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वालो को सुरुज सम्मान 2026 प्रदान किया गया। सुरुज ट्रस्ट की दीप्ति ओग्रे ने सुरुज उत्सव के विषय में बताया की बिलासपुर, रायपुर संभाग के बाद इस वर्ष बस्तर संभाग के लोगों को सुरुज सम्मान देने को योजना बनी। सुरुज ट्रस्ट द्वारा सुरुज बाई खांडे के जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर हर साल हम कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसके माध्यम से भरथरी गायन का भी प्रचार कर रहे है ताकि भरथरी गायन विधा से लोग जुड़े और भरथरी गायन विधा फिर राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय तक पहुचे।

### नीट परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट के सुचारु, सुरक्षित एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के निष्पक्ष संचालन के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

### कोंडागांव और दंतेवाड़ा के दो ईई से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल-जल योजनाओं में पानी नहीं मिलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कोंडागांव और दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दोनों अधिकारियों को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव के बेड़मा और दंतेवाड़ा के टेकनार गांव में ग्रामीणों ने नल-जल योजना से नियमित पानी नहीं मिलने की शिकायत की थी।

# मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय : प्रीतेश

## विशिष्ट व्यक्तियों से भेंटकर उपलब्धियों पर आधारित किताब भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपरा द्वारा विश्वास, विकास और लोक कल्याण के 12 वर्ष अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने श्रीशुद्धाद्वैत पंचम पीठाधीश्वर पूज्य वल्लभलाल महाराज (कामवन छठी बैठक, चंपारण) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी



योजनाओं, विकास कार्यों तथा राष्ट्रीय हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा हुई। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल गरीब कल्याण, सुशासन, राष्ट्र निर्माण और अंत्योदय के संकल्प को समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है और विकास, आत्मनिर्भरता तथा जनभागीदारी के नए युग में प्रवेश किया है।

श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाते हुए करोड़ों देशवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है और आने वाले वर्षों में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व को बचाने जनसहयोग की अपील, जल जंगल और वन्यजीवों का सुरक्षित हो भविष्य

# जल, जंगल और जैव विविधता बचाने एकजुट हो समाज

दिलीप देवांगन ▶▶धमतरी

प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण वन्यजीव क्षेत्रो में शामिल उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व प्रशासन ने स्थानीय ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों, समाजिक संगठनों और आम नागरिकों से राष्ट्रीय परिस्थितिक धरोहर की रक्षा के लिए सहयोग की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि टायगर रिजर्व केवल वन क्षेत्र ही नहीं बल्कि लाखों लोगों की जल सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन और जैवविविधता का आधार है। इसलिए संरक्षित क्षेत्र के भीतर पक्की सड़क, पारंपरिक विद्युत लाइन और अन्य गैर वानिकी निर्माण कार्यों की मांगों पर निर्णय लेते समय इसके दीर्घकालिक प्रभावों को समझना आवश्यक है।

यूएसटीआर उपसंचालक कार्यालय ने अपील की है कि उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व मध्यभारत में सबसे महत्वपूर्ण परिस्थितिक संपदाओं में से एक है। महानदी, पैरी, सोढूर और तेल जैसी प्रमुख नदियों का जल संग्रहण क्षेत्र है। इस कारण यह क्षेत्र छग तथा उड़ीसा की लाखों लोगों की जल आवश्यता को पूरा करता है। वनक्षेत्र भूजल पुनर्भरण, कार्बन अवशोषण जलवायु संतुलन, मृदा संरक्षण और जलसुरक्षा जैसी अमूल्य सेवा प्रदान करता है।

दुर्लभ वन्य जीवों की सुरक्षित आश्रय टायगर रिजर्व एशियाई हाथी, बाघ, तेंदुआ, भालू, वनभैसा, मालाबार पाईड हार्निबल, स्मूथ कोटेड उदबिलाव, भारतीय विशाल गिलहरी, उड़न गिलहरी जैसे दुर्लभ प्रजातियों का महत्वपूर्ण आवास है। यह क्षेत्र छग और उड़ीसा राज्य को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे के रूप में कार्य करता है। जिससे वन्य जीवों की प्राकृतिक आवाजाही बनी रहती है।

रिजर्व प्रशासन ने बताया कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए विकसित छग एलीफेंट ट्रेनिंग एंड अलर्ट एप को बड़ी सफलता मिली है। राजापड़ाव शोभा, अडगडी गोना, गरिबा और कोडोमाली जैसे क्षेत्रो में लंबे समय से अतिक्रमण का दबाव बना था। पिछले तीन सालो में इचराड़ी, टांगरन और गोना नवापारा, क्षेत्रो से 300 से अधिक हेक्टयर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराकर वन्यजीव आवासों को पुनस्थापित किया है। वनविभाग ने पड़ोसी क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां वनों का क्षरण हुआ है, वहां भूजल स्तर लगातार नीचे गया है। उड़ीसा के नवरंगपुर और छग के देवभोग, छुरा, फिंगेश्वर क्षेत्र में जलसंकट की बढ़ती समस्या इसका संकेत है।

### विकास कार्यो से बढ़ सकता है मानव वन्यजीव संघर्ष

वनविभाग ने कहा है कि वैज्ञानिक अध्ययनो से यह साबित हो चुका है कि वन्यजीव आवासों के भीतर सड़क, बिजली लाइन, स्थाई निर्माण, मानवीय गतिविधि का विस्तार जंगलों को खंडित करता है। इसका सीधा असर वन्यजीवों के व्यवहार पर पड़ता है। वन्य जीव भोजन तथा आवागमन के लिए गांवों और कृषि क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगते है। वर्तमान में टायगर रिजर्व में 50 से अधिक हाथी, करीब 200 तेंदुए, 1000 से अधिक भालू निवासतरत हैं। इसके बावजूद विभागीय प्रयासों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से मानव वन्य जीव संघर्ष को काफी हद तक नियंत्रित रखा गया है। पिछले चार सालों में औसतन केवल एक मानव मृत्यु प्रतिवर्ष दर्ज होना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### जंगल बचेगा तो पानी भी बचेगा




### न्यायालयीन निर्देशों का पालन जरूरी

टायगर रिजर्व प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण मंत्रालय के दिशा निर्देशों और न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप संचालन किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण आदेशों में उदंती सीतानदी वन्यजीव अभ्यारण और वनभैसा के आवासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। छग उच्च न्यायालय ने टायगर रिजर्व क्षेत्र के भीतर पीएम आवास योजना जैसी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाते हुए संवेदनशील वनक्षेत्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि कानून और न्यायालयों के आदेशों के तहत ऐसे किसी कार्य का अनुमति नहीं दे सकता जो वन और वन्य जीव संरक्षण के विरूद्ध हो।

### रोजगार के अवसर, जनता से सहयोग की अपील

टायगर रिजर्व को भविष्य में मध्यभारत के प्रमुख इको टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर जोर दिया जा रहा है। यहां की समृद्ध जैव विविधता, नदी उदगम क्षेत्र और समृद्ध वन्यजीव देश विदेश के नागरिको को आकर्षित कर सकते है। इसके माध्यम से युवाओं को नेचरगाइड, सफारी चालक, होमस्टे संचालक, इको कैंप प्रबंधक, वन्यप्राणी ट्रेकर, हस्तशिल्प निर्माता और पर्यटन आधित्य सेवाओ में अवसर मिल सकते है। रिजर्व प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि उदंती सीतानदी केवल वर्तमान पीढी की नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी अमूल्य धरोहर है। इसकी सुरक्षा से जल जंगल, वन्यजीव और पर्यावरण सभी सुरक्षित रहेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अतिक्रमण रोकने, अवैध वन कटाई, शिकार जैसे गतिविधियों के खिलाफ सहयोग देने तथा संरक्षण आधारित विकास को समर्थन देने की अपील की है।

### भारतमाला परियोजना का रास्ता बदला

रिजर्व प्रशासन ने बताया कि उदंती सीतानदी की परिस्थितिक संवेदनशीलता को देखते हुए राष्ट्रीय महत्व की रायपुर विशाखापटनम आर्थिक कारिडोर/भारतमाल परियोजना/ का मार्ग भी टायगर रिजर्व के बाहर पुनर्निर्धारित किया गया। इससे स्पष्ट है कि विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

### इच्छुक परिवारों को स्वैच्छिक पुनर्वास

प्रशासन ने ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ व्यवहारिक विकल्प सुझाए है। इसके मौजूदा सौर ऊर्जा प्रणालियों की मरम्मत एवं सुदृढीकरण, आवश्यक आवागमन के लिए मिट्टी मुरुम मार्गों का सुधार तथा इच्छुक परिवारों का बेहतर सुविधाओं वाले क्षेत्रों में स्वैच्छिक पुनर्वास शामिल है।

# गंगरेल में हेलीकॉप्टर और एयरप्लेन जॉयराइड की तैयारी

- हवाई पर्यटन के जरिए गंगरेल क्षेत्र को मिलेगी नई पहचान
- समाजसेवी खूबलाल ने दिल्ली प्रवास के दौरान डिवाइन एयर के संचालकों के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में जल्द ही हेलीकॉप्टर राइडिंग और एयरप्लेन जॉयराइड की सुविधा शुरू होने जा रही है। 1 जुलाई 2026 से प्रस्तावित इस नई पहल को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्राकृतिक सौंदर्य, विशाल जलाशय और हरियाली से घिरे गंगरेल क्षेत्र को अब हवाई पर्यटन के जरिए नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाने वाले समाजसेवी खूबलाल ध्रुव ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान डिवाइन एयर के संचालकों के साथ सकारात्मक चर्चा और विशेष सहमति बनी है। इसके तहत



गंगरेल क्षेत्र में हेलीकॉप्टर एवं एयरप्लेन जॉयराइड शुरू की जाएगी। यह सुविधा केवल पर्यटन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि धमतरी जिले को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी।

श्री ध्रुव ने बताया कि नियमित उड़ान सेवा 1 जुलाई से शुरू करने की तैयारी है। शुरुआती चरण में 300 लोगों के लिए विशेष प्री-बुकिंग व्यवस्था रखी गई है। पर्यटक 5 सीट और 9 सीट वाले हेलीकॉप्टर एवं एयर राइड का आनंद ले सकेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि गंगरेल बांध के अलावा मॉडमसिल्ली बांध, दुधावा बांध, सोंढूर क्षेत्र, सिहावा-नगरी की प्राकृतिक वादियां और कांकेर की पहाड़ियों का हवाई भ्रमण भी कराया जाएगा। पर्यटकों को कम समय में प्राकृतिक सुंदरता का अनूठा अनुभव मिलेगा।

खूबलाल ध्रुव के अनुसार सेवा, सुरक्षा और समर्पण को प्राथमिकता देते हुए यह सुविधा संचालित की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक मानकों का पालन किया जाएगा। आने वाले समय में यह पहल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी।

स्थानीय लोगों का मानना है कि गंगरेल बांध में हेलीकॉप्टर और एयरप्लेन जॉयराइड शुरू होने से पर्यटन व्यवसाय को बड़ा लाभ मिलेगा। होटल, परिवहन, खानपान और स्थानीय व्यापार से जुड़े लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। गंगरेल की खूबसूरती को आसमान से देखने का अवसर मिलने से यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है।

# स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकली साइकिल रैली

- 200 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रुद्री से किया गया, जो लक्ष्मी निवास मार्ग होते हुए इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में संपन्न हुई।

रैली को जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता यादव, रुद्री सरपंच लक्ष्मी बया तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी पीयूष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिथियों ने साइकिल के उपयोग को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को नियमित रूप से साइकिल चलाने हेतु प्रेरित किया।




साइकिल रैली में स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थी, विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, शासकीय कर्मचारी एवं आम नागरिकों सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा फिट इंडिया अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ रैली में सहभागिता निभाई। विश्व साइकिल दिल्ली में व्यायाम शिक्षक खिलेंद्र कुमार साहू, ओंकार पटेल, अनिरुद्ध निर्मलकर, विकास सिंह ठाकुर, भूपेंद्र मानिकपुरी, घनश्याम ध्रुव, गुलशन साहू, गिरीश गजपाल, संदीप सिंन्हा, प्रखर श्रीवास्तव, प्रदीप सिन्हा, नवनीत पचौरी, इंद्रकुमार साहू, रामानंद साहू,गोपेश साहू, प्रफुल योगी उपस्थित थे।

### सिविल लाइन में घटिया निर्माण कार्य की शिकायत



- पार्षद योगेश लाल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की

**धमतरी।** रिसाईपारा पश्चिम वार्ड के सीसी रोड एवं नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग एवं गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत पार्षद ने कलेक्टर से की है। पार्षद योगेश लाल ने शुक्रवार को जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रिसाईपारा पश्चिम वार्ड स्थित सिविल लाइन में सीसी रोड एवं नाली का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में भारी अनियमितता है। मानकों के विपरीत ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। नाली का लेवल भी सही नहीं है। सीसी रोड एवं नाली में क्यूरिंग नहीं की जा रही है। इससे रोड में दरारें पड़ने लगी हैं। पार्षद ने कलेक्टर से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा दोषी ठेकेदार तथा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गर्मी की छुट्टियों में अधिवक्ताओं की संगीत सभा में बिखरे सुर

**जिला न्यायालय परिसर में सजी कराओके संध्या**



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में अधिवक्ताओं के मनोरंजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता शंकर देवांगन, शैलेष दीवान तथा अन्य अधिवक्ताओं द्वारा गीत गजल एवं कराओके गाने के माध्यम से गीत संगीत का आयोजन किया गया था। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान न्यायालीन अधिकारी बारी-बारी से अवकाश पर रहते हैं तथा अधिवक्ताओं के पास भी बहुत कम प्रकरण सुनवाई के लिए लगा रहता है जिसमें अधिवक्ता को न्यायालय आना पड़ता है।

इस कारण अधिवक्ताओं के मनोरंजन के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सचिव बीएल सिन्हा, पूर्व सांस्कृतिक सचिव शंकर देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी जोशी, यशवंत कौशिक, बसंत जैन, पूर्व अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, बीके सिन्हा, पूर्व सचिव नंद कुमार देवांगन, राकेश शर्मा, प्रेमलता, सुमैया बानो, दिव्या मरकाम, कौशल्या, मोहिनी, सविता अग्रवाल, नंदकुमार सिन्हा, अमित झा, राजेन्द्र सिन्हा, नील पटेल, देवेश प्रजापति एवं न्यायालीन कर्मचारी प्रशासनिक अधिकारी प्रखर तिवारी, नागेश्वर मौर्य, सुबोध तिवारी, श्रीमती धर्तिका वर्मा उपस्थित थे।

# नगर निगम में वाहन खरीदी और मशीन सप्लाई में गड़बड़ी के आरोप

**कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम में वाहन खरीदी एवं मशीन सप्लाई में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों को लेकर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर एवं कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व खरीदे गए दो टिप्पर वाहनों की खरीदी बाजार मूल्य से करीब 40 प्रतिशत अधिक कीमत पर किए जाने की आशंका है। आरोप है कि निविदा शर्तों के



अनुसार वाहनों के साथ आरटीओ पंजीयन एवं बीमा दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने थे, लेकिन वर्तमान में निगम रिकॉर्ड में संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इससे खरीदी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी प्रकार चेन माउंटेन वाहन, टाटा हिताची जेसीबी और वैक्यूम क्लीनिंग वाहन के संबंध में भी बीमा एवं आरटीओ दस्तावेज नहीं होने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि ये वाहन लगातार सड़कों पर संचालित हो रहे हैं और किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सप्लायरों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कचरा प्रबंधन केंद्र के लिए खरीदी गई बेलिंग मशीन को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायत के अनुसार निविदा में 10 एचपी क्षमता वाली डबल सिलेंडर मशीन का प्रावधान था, जबकि सप्लायर द्वारा 7.5 एचपी क्षमता की सिंगल सिलेंडर मशीन उपलब्ध कराई गई। इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए मामले की तकनीकी जांच कराने की मांग की गई है। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी नगर निगम आयुक्त से शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में सामने आए डीजल घोटाले की जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की गई, जिससे निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम ,पूर्णिमा गजानंद रजक, भागी ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020